# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-13.07.2025**

**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत सर्राफा व्यापारियों की ढलाई के लिए दी गयी चांदी को लेकर फरार हो जाने के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 12.500 किलोग्राम चांदी बरामद।**

ज्ञात हो दिनांक 29.06.2025 को थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत सर्राफा व्यापारी श्री अमरीश पुत्र श्री चाप सिह निवासी मौहल्ला दयानन्द नगर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली व अन्य सर्राफा व्यापारियों से अभियुक्त प्रवीन वर्मा पुत्र राजपाल वर्मा निवासी निकट सती वाला मन्दिर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली द्वारा चांदी की ढलाई के लिये दी गयी चांदी को लेकर फरार हो गया था। घटना के सम्बन्ध में सर्राफा व्यापारी श्री अमरीश उपरोक्त की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमो को लगाया गया था।

इसी क्रम में आज दिनाँक 13.07.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे धोखाधडी/चोरी/लूट/डकैती/अपहरण अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत सर्राफा व्यापारियों की ढलाई के लिये दी गयी चांदी को लेकर फरार होने जाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से ढलाई हेतु ली गई 26 छोटी बडी छडी/पत्ती (हल्के सिलवर रंग की धातु) कुल वजन करीब 12.500 किलो ग्राम चांदी व 01 नीला ग्रे रंग का पिट्ठु बैग बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता अभियुक्तः-**

1.प्रवीन वर्मा पुत्र राजपाल वर्मा निवासी सती वाला मन्दिर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.ढलाई के लिए दी गयी 12.500 किलोग्राम चांदी व 01 पिट्ठू बैग बरामद।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त डण्डा बरामद।**

ज्ञात हो कि दिनांक 27.04.2025 को नौशाद पुत्र जीजू निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली पर अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर घर में घुसकर, गाली गलौच कर जानलेवा हमला किया गया था। घटना के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त घटना को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली ने अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कैराना को निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनाँक 13.07.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर घर में घुसकर, गाली गलौच कर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त डण्डा सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1.हाशिम पुत्र अब्बास उर्फ बासा निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-**

आज दिनांक 13.07.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.किशन पुत्र चतरसैन निवासी ग्राम रामपुरा थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.एक अदद अवैध तमन्चा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।




**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**